दिनांक 29 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम क्षेत्र में घूमने वाले आवारा पशुओं की धरपकड़ कर रही निगम की टीम

-जुलाई से लेकर अब तक पकड़े गए 374 आवारा पशु

- पशुओं को छुड़ाने के एवज में 53875 रुपए का मिला राजस्व

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत निगम की टीम सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों को पकड़ने का कार्य कर रही है। नेशनल हाइवे , नेहरू नगर रोड, घड़ी चौक से डॉ राजेन्द्र प्रसाद चौक , कोहका रोड, लक्ष्मी मार्केट का निरीक्षण कर दो दिनों में 10 मवेशियों को पकड़कर भिलाई नगर स्थित शहरी गौठान ले जाकर छोड़ा गया। जोन 01 के राजस्व विभाग की टीम ने मुख्य सड़कों, बाजार क्षेत्रों में घूम रहे आवारा पशुओं की धरपकड़ की कार्यवाही किए। आकाशगंगा और लक्ष्मी मार्केट एरिया में घूम रहे गाय और सांड को पकड़ने की कार्रवाई की। साथ ही आसपास के डेयरी संचालको को अपने मवेशियों को बांध कर रखने की समझाइश दी गई! पशुओं को पकड़ने के लिए खास तौर पर तैयार किए गए वाहन का उपयोग किया जा रहा है जिसकी मदद से आसानी से पशुओं को उठा कर दूसरे वाहन में शिफ्ट किया जाता है! निगम की टीम पशुपालकों से अपने मवेशी के चारा-पानी सहित समुचित व्यवस्था स्वयं करने कह रहे हैं! सड़कों पर आवारा नहीं छोड़ने की समझाइश दे रहे हैं! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि निगम क्षेत्र में विचरण करने वाले आवारा पशुओं की धरपकड़ नियमित रूप से करें। इसके पूर्व निगम प्रशासन द्वारा रोका-छेका अभियान के तहत पशु मालिकों को अपने मवेशी की सुरक्षा स्वंय करने, चारा, पानी की समुचित व्यवस्था करने, आसपास के खेतो/ फसलों में पालतू मवेशियों का प्रवेश रोकने हेतु संकल्प पत्र भराये थे , ताकि सड़कों पर बेवजह घूमने वाले आवारा मवेशियों पर रोक लग सके।

जनसम्पर्क अधिकारी